## खबर संक्षेप



### भानुप्रतापपुर के तारांदुल में शिविर का आयोजन

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसे ग्राम तारांदुल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के ग्राम धनेली, कठोली, बांसकुंड के किसान एवं सरपंच-पंच सहित बड़ी संख्या में कृषकगण शामिल हुए। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र तायडे एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश सेवता द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दिया,साथ ही कृषकों को बीज उपचार की जानकारी प्रदर्शन करके दिखाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के अभियांत्रिकी प्रमोद सर्वा, पीएम बीमा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अशोक साहू सहित कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### ठेकेदार ने बिना बिजली कनेक्शन लिए बना दिया नवनिर्मित बालिका छात्रावास



**पखांजुर।** ग्राम पंचायत रेंगावाही बाजारपारा में पिछले डेढ़ साल से बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार के द्वारा बिना बिजली कनेक्शन लिए चोरी की बिजली से बिल्डिंग में निर्माण में उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इस ओर विभाग का ध्यान नहीं है। जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत रेंगावाही के ग्रामीणों ने बताया कि बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है और जो बनकर लगभग तैयार हो गया है। डेढ़ साल में ठेकेदार ने सरिया कटर मशीन, बरबेरेटर, बोर पंप, एलईडी बल्ब जिसमें सैकड़ों वाट का उपयोग चोरी छुपे किया है। जानकारी विभाग को नहीं लग पाई है। ठेकेदार ने हुकिंग कर बिजली चोरी किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई किसान चोरी का कनेक्शन लगाकर पंप चलता है, तो बिजली विभाग तत्परता दिखाते हुए उसे गरीब पर कार्रवाई करता है।

### लौह अयस्क का परिवहन करने वाले वाहनों को रोकने संवाद

**अंतागढ़।** अंतागढ़ से नारायणपुर पंहुच मार्ग में लौह अयस्क में लगे वाहनों पर रोक लगाने रावघाट क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो सरपंचों, जनपद सदस्यों ने विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात करते हुए आवेदन सौंपा है। समस्याओं के बारे में मौखिक रुप से जानकारी दिया है। रावघाट क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य समस्त सरपंचगण 9 जून को वन विभाग विश्राम गृह पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात कर आवेदन दिया, जिसमें अंतागढ़ से नारायणपुर पहुंच मार्ग को 15 जून से लौह अयस्क परिवहन कार्य करने वाले समस्त वाहनों के आवाजाही पर रोक लगाने कहा।




## लव जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में हिंदू समाज संघर्ष समिति ने निकाली आक्रोश रैली

# लव जिहाद हिंदुओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित षड्यंत्र है : ज्योतिर्मयानंद

### कुरुद बंद का आह्वान कर आयोजित की जनजागरण सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

लव जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में हिन्दू समाज संघर्ष समिति जिला धमतरी ने कुरूद बंद कर आक्रोश रैली निकाली। रैली पश्चात जनजागरण सभा हुई। समिति के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। सोमवार की सुबह 10 बजे आक्रोश रैली नया बस स्टैंड से प्रारंभ हुई जो नारेबाजी करते हुए कारगिल चौक, सरोजनी चौक, होकर पुराना बाजार चौक पहुंची। यहां जनजागरण सभा के रूप में तब्दील हुई।

सभा को सम्बोधित करते हुए धर्म गुरु ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज सलधा आश्रम बेमेतरा ने कहा कि जो धर्म दूसरों को पीड़ा पहुंचाने वाला हो, वह धर्म कभी नहीं हो सकता। प्रदेशभर में लव जिहाद के माध्यम से बेटियों को अपने जाल में फंसाकर विधर्मी उनका शारीरिक शोषण ही नहीं कर रहे, उनकी अस्मिता और आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचा रहे हैं। यह प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। इसके तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेवटर्क से जुड़े हो सकते हैं।

आक्रोश रैली और सभा में हिन्दू संघर्ष समिति के रामचंद देवांगन, योगेश गांधी, पोषण साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, दिलीप सोनी, धनेश्वर निर्मलकर, यशवंत साहू, रंजीत साहू, कृष्णकांत साहू, टिकेश साहू, मालकराम साहू, नेमीचंद बैस, शेखर चन्द्राकर सहित सैकड़ों हिंदू समाजजन शामिल हुए।







### लव जिहाद के चंगुल में साहू समाज की बेटियां ज्यादा फंस रहीं

धर्म गुरु सरस्वती महाराज ने लव जिहाद के मामले को लेकर कहा कि धमतरी जिला आगे हो गया है। साहू समाज की बेटियां ज्यादा इसके चंगुल में फंस रही हैं। प्रेम के नाम पर दूसरे धर्म के लोग धर्मांतरित कर रहे हैं। असल प्रेम वह है जो देखने, सुनने और बात करने की इच्छा होती है। स्वार्थ से किया गया प्रेम नहीं बल्कि उन्माद है। उन्होंने आगे कहा कि धर्म की रक्षा हम करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा।

### विधर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग

सभा के बाद हिन्दू समाज संघर्ष समिति ने राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जुटाए गए आंकड़े अनुसार छत्तीसगढ़ से 49,116 महिलाएं और 10,187 लड़कियों के लापता होने, बिलासपुर के अटल आवास में चिल्ला मुबारक दरबार से बड़ी संख्या में 400 हिन्दू बेटियों की फोटो जिस पर कॉस का चिन्ह और उसके पीछे उस लड़की का बायोडाटा मिलना, धमतरी में बढ़ते लव जिहाद मामले में साइबर सेल को एक्टिव करने, विधर्मी द्वारा गलत बयान, धमकी या बल का उपयोग, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन या विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन के प्रयास किए गए हैं, इसकी उचित धाराओं में वृद्धि किए जाने, आर्य समाज में होने वाली शादी से पहले एक महीने तक दावा आपत्ति का प्रकाशन समाचार पत्रों में करने की मांगों का ज्ञापन सौंपकर जल्द ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

### हिंदू समाज की बेटियों को धर्मांतरण कर फंसाया जा रहा

साहू समाज के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि हिन्दू समाज में लगातार धर्मांतरण हो रहा है। समाज को धीरे धीरे खोखला कर रहा है। लव जिहाद के माध्यम से हमारी बेटियों को गर्त में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में फैल चुके धर्मांतरण को रोकने के लिए सर्व समाज आज एक मंच पर आकर आवाज बुलंद कर रहा है। सोची समझी साजिश के तहत हिन्दू समाज की बेटियों को विशेष समुदाय द्वारा बहलाफुसला कर धर्मांतरण और लव जिहाद में फंसाया जा रहा है। दिलीप सोनी, डॉ सुशीला साहू, शकुंतला दास ने भी लव जिहाद और धर्मांतरण को रोककर हिन्दू सनातन धर्म, संस्कृति को बचाने की अपील की।

## लिमतरा में कबीर साहेब का प्राकट्य महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कबीर आश्रम लिमतरा में सदगुरु कबीर साहेब का 627 वां प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। साधु संतों की मंडली ने ग्रामीणजनों के साथ गांव का भ्रमण किया। तत्पश्चात झंडा पूजन व ध्वजारोहण निर्मल साहेब और महंत राधेशयाम शास्त्री ने किया। संतों ने कबीर भजन प्रस्तुत किया। संतों ने अपने प्रवचन में कहा कि सच्चा सुख सत्संग, भजन से ही मिलता है। सत्संग एक ऐसा माधयम है, जिसके दवारा हम अपने जीवन के यथार्थ उद्देश्य और कर्तव्य को जान पाते हैं। मौके पर कार्तिक राम, घनश्याम, कन्हैया, दशरथ, इंदल, कोमल सेन, भगवती, भावेंद्र अग्रवाल, कोमल साहू, लकेशवर, रामस्वरुप, जीवन साहेब, दवारिका साहू, शिक्षक घनश्याम सिंह साहू समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।



## प्लास्टिक का उपयोग कम करने और अधिक पेड़ लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी और उत्साही युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम डोड़की में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तालाब किनारे एवं शासकीय शाला डोड़की के सामने पीपल, जाम, चिरई जाम, आंवला और परिजात जैसे पौधों का रोपण किया साथ ही पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। आकाशगिरि गोस्वामी और सुनील ने ग्रामवासियों से एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया। उपसरपंच नोमेश सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा सहित अनेक युवाओं ने इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। दुर्गेश एवं राजकुमार ने कहा कि ग्राम के अधिक से अधिक युवा साथियों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य करेंगे। उपसरपंच ने पेड़ों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में लोगों ने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया।



## 15 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार







### वैवाहिक कार्यक्रम की तरह होता है यह संस्कार, तेलमाटी, चुलमाटी, बारात जैसी रस्म निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विप्र विद्वत परिषद द्वारा 15 बटुक बालकों का उपनयन संस्कार महिमासागर वार्ड विप्र विद्वत परिषद के भवन में किया गया। बताया गया कि हिंदू धर्म में 16 संस्कार होते हैं, जो जीवन के विभिन्न चरणों में व्यक्ति के विकास और शुद्धता को दर्शाते हैं। इन संस्कारों को जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न अवसरों पर किया जाता है।

इन संस्कारों में गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, मुंडन, चूड़ाकर्म, विद्यारंभ, कर्णवेध, यज्ञोपवित, वेदारंभ, केशान्त, समावर्तन, विवाह और अंत्येष्टि शामिल हैं। इन सबमें से एक संस्कार यज्ञोपवित उपनयन संस्कार भी होता है।

उपनयन संस्कार के बाद वेद अध्ययन, कर्मकाण्ड समेत समस्त मांगलिक अनुष्ठान करने के अधिकारी होते हैं। उपनयन संस्कार के समय बटुकों को गायत्री मंत्र से दीक्षा देकर वेद अध्ययन करने का अधिकार प्राप्त होता है।

यह संस्कार पूरी तरह से एक वैवाहिक कार्यक्रम की तरह ही होता है। तेलमाटी, चुलमाटी, हरिद्रालेपन, बारात जैसे कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं। सिर्फ दुल्हन का लाना बाकी होता है जो इसमें नहीं होता है। इस कार्यक्रम में धमतरी, रुद्री, रायपुर, कांकेर, राजनांदगांव, भखारा आदि स्थानों से उपनयन के लिए बालक आये थे।

मौके पर परिषद अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री, महेश शास्त्री, होमनप्रसाद शास्त्री, संतोष तिवारी, घनश्याम द्विवेदी, रामशरण मिश्रा, पं. तेजबहादुर दीवान, जनक शर्मा, अरुण उपाध्याय, पं. महेन्द्र तिवारी, पं. आकाश पाण्डेय, पं. रामशरण मिश्रा, एलके उपाध्याय, पं. दीनानाथ पाण्डेय आदि उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रीकांत तिवारी, राजकुमार तिवारी ने दी है।

## तटवर्ती गांवों में हजारों घनमीटर रेत डंप

- बारिश में भवन निर्माणकर्ताओं को दोगुने दाम पर खरीदनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



रेत माफियाओं ने अंधाधुंध खुदाई कर महानदी को बंजर तो बना दिया, अब तटवर्ती गांवों में हजारो घनमीटर रेत अवैध रूप से डंप करके बारिश में दाम बढ़ाने की फिराक में है। यह स्थिति हर साल होती है। इस वर्ष तटवर्ती गांवों में दर्जनों स्थान पर रेत का अवैध भंडारण है।

जानकारी के मुताबिक रेत डंप के लिए माइनिंग विभाग से अनुज्ञा लेनी पड़ती है लेकिन कुछ को छोड़कर अधिकतर माफिया ने अवैध रूप से रेत की डंपिग की है। ग्रामीणों के मुताबिक रेत डंपिंग का खेल लगभग दो हजार स्थानों पर गुपचुप तरीके से चल रहा है जिसकी विभाग को जानकारी नहीं है। बारिश लगते ही चार गुना दाम में रेत बेचेंगे। खदानों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रति ट्रिप हाइवा रेत धमतरी पहुंचाकर 9000 से 9500 रुपए है जो बारिश में बढ़कर 30 से 35 हजार हो जाएगा। अमूमन बारिश में ही शहर में मकान निर्माण ज्यादा होता है। इस लिहाज से उपभोक्ताओं को 20 से 25 हजार अतिरिक्त देना पड़ेगा।

बता दें कि वर्तमान में खदान से निकलने वाली रेत के लिए पिटपास ट्रांजिट पास लेना पड़ता है। विभाग भी ट्रांजिट पास पिटपास चेक करता है। नदी में बाढ़ आने के बाद अगर सप्लायर डंप स्थल से रेत की निकासी करता है तो उसे पिटपास की जरूरत नहीं पड़ती। डंप स्थल का नाम लेने से काम चल जाएगा। महानदी बंजर हो रही है। वहीं दूसरी ओर रेत माफिया रेत बेचकर विभाग को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। रातोंरात मालामाल हो रहे हैं। दिन के उजाले में खनन कार्य बंद रहता है। रात होते ही चेन माउंटेन मशीन से हजारों ट्रिप रेत डंपिंग स्थल पर पहुंच रही है। जानकारी के मुताबिक एक डंपिंग स्थल में एक हजार हाइवा से अधिक रेत संग्रहित होती है। गांवों में ऐसे स्थानों की संख्या दो हजार बताई जा रही है। मतलब 20 लाख ट्रिप हाइवा रेत का खेल बारिश में चलेगा।







## निषाद समाज के विकास पर हुई चर्चा



**धमतरी।** निषाद समाज के संचालक मंडल की बैठक जिला कार्यालय रुद्रेश्वर अंगारमोती भवन दानीटोला में हुई। पदाधिकारियों ने समाज के विकास एवं विस्तार पर अपने विचार रखे। मौके पर जिला संरक्षक भोलाराम निषाद, रमेश निषाद, नारायण निषाद अध्यक्ष, चंदूलाल निषाद उपाध्यक्ष, हरकराम निषाद, महासचिव नारायण निषाद, सचिव कामता निषाद, श्रीमती गुंजा निषाद, कोषाध्यक्ष शंभु निषाद, मनराखन निषाद, शंकर निषाद, सलाहकार रामकिशुन निषाद, श्रीमती इन्द्रानी निषाद, बरखा निषाद, निक्की निषाद, सियाराम निषाद, शिवशंकर निषाद, राजू निषाद, संतोष, चंदन, सागर निषाद मौजूद थे। इस दौरान रायपुर प्रवास पर रहे प्रदीप कैवर्त से मुलाकात कर समाज की एकता और अखंडता के बारे में जानकारी दी। निषाद समाज की आगामी बैठक 29 जून रविवार को होगी।

